allotment of telephone connections at Bombay, Ahmedabad and Kanpur.

फैजाबाद डाकघर से धन का गायब हो जाना

377. श्री बड़े :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री तुला राम :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :
श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1 जून, 1966 को फैजाबाद (उत्तर प्रदेश) के मुख्य डाकघर से एक थैला, जिसमें 2,500 रुपये थे, गायब पाया गया;

(ख) यह थैला किन परिस्थितियों में गायब हुआ; और

(ग) सरकार ने इस मामले में क्या कार्यवाही की है ?

संसद-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री जगन्नाथ राव) : (क) जी, हां।

(ख) फ़ैजाबाद के प्रधान डाकघर के खजान्ची तथा उपलेखा क्लर्क द्वारा 1 जून, 1966 को विभिन्न डाकघरों के लिए 19 थैले बन्द किये गये और उन थैलों को बाहर भेजने के लिए चौथी श्रेणी के एक कर्मचारी द्वारा डाकबाबू के पास भेजा गया। डाक-बाबू ने चौथी श्रेणी के कर्मचारी को सभी थैलों की रसीद दे दी, लेकिन कुछ समय बाद जब उसने थैलों को भेजने के लिए उनकी छंटाई की, एक थैला गुम पाया। इन थैलों में 2,500 रुपये की भुगतान रकम थी।

(ग) फैजाबाद के डाकपाल द्वारा प्रधान डाकघर की पूरी तलाशी ली गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इस मामले की रिपोर्ट पुलिस को कर दी गई और उसकी जांच का काम जारी है।

गंगानगर में तस्करों की गिरफ्तारी

378. श्री बड़े :
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 3 जून, 1966 के 'वीर अर्जुन' में प्रकाशित समाचार के अनुसार राजस्थान सीमा पर गंगानगर में आठ तस्कर गिरफ्तार किये गये थे;

(ख) क्या यह भी सच है कि उनमें से एक व्यक्ति पाकिस्तानी था;

(ग) क्या उनसे तीन हजार रुपये तथा एक राइफल बरामद हुई है; और

(घ) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) 27-5-66 को 4 तस्कर गिरफ्तार किये गए।

(ख) जी, नहीं।

(ग) एक राइफल, उनके पास से 30 राउंड और लगभग 1,330 रु० के मूल्य का माल बरामद हुआ; और

(घ) पकड़ा गया सामान श्री करनपुर के आई/सी, लैंड कस्टम्स के सिपुर्द कर दिये गए थे। राउंड सहित राइफल श्री करनपुर के स्टेशन हाउस आफ़िसर को सौंप दी गई थी।

Sale of Fort of Tipu Sultan

379. Shri Mohammed Koya: Will the Minister of Education be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a fort made by Tippu Sultan in Manantody, Kerala was sold for Rs. 17 to an individual;